भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

05.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2762 का उत्तर

रेल संबंधी स्थायी समिति की सिफ़ारिशें

2762. श्री माथेश्वरन वी. एस.:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का रेल संबंधी स्थायी समिति की सिफारिशों (2018-19 की 24वीं रिपोर्ट) के दिशा-निर्देशों के अनुसार सार्वजनिक धन के संभावित दुरुपयोग को रोकने के लिए लक्जरी रेलगाड़ियों में निःशुल्क टिकट जारी करने के लिए कठोर दिशा-निर्देश तैयार करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) लक्जरी रेलगाड़ियों में निःशुल्क यात्रा के लिए अधिकारियों के चयन के कारणों/आधार का ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 2021 से आज तक पैलेस ऑन व्हील्स, महाराजा एक्सप्रेस और डेकन ओडिसी जैसी लक्जरी रेलगाड़ियों में निःशुल्क यात्रा का लाभ उठाने वाले रेल अधिकारियों का नाम, पदनाम और यात्रा की श्रेणी सहित ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग) वरिष्ठ रेल अधिकारी जो नीति तैयार करने, परिचालन, संरक्षा और मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों पर तथा ऑनबोर्ड सेवाओं और सुविधाओं के मूल्यांकन एवं सुधार, रेलपथ, चल स्टॉक और अन्य परिसंपत्तियों के अनुरक्षण आदि में शामिल हैं, उन्हें उपलब्धता के अध्यधीन बहुत सीमित संख्या में मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार पर्यटक रेलगाडियों में यात्रा करने की अनुमति होती है।

पिछले 5 वर्षों के दौरान, मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार पैलेस ऑन व्हील्स, महाराजा एक्सप्रेस और डेक्कन ओडिसी रेलगाडियों में यात्रा करने वाले रेल अधिकारियों का विवरण निम्नानुसार है:

<u>पैलेस ऑन व्हील्स:</u>

यात्रा करने वाले कुल यात्रियों की संख्या	यात्रा करने वाले रेल अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या
2463	49 (1.99 प्रतिशत)

<u>महाराजा एक्सप्रेस:</u>

यात्रा करने वाले कुल यात्रियों की संख्या	यात्रा करने वाले रेल अधिकारियों/ कर्मचारियों की संख्या
4715	50 (1.06 प्रतिशत)

<u>डेक्कन ओडिसी :</u>

यात्रा करने वाले कुल यात्रियों की संख्या	यात्रा करने वाले रेल अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या
2783	10 (0.36 प्रतिशत)

******